
नव भारत
1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण


5 रूस को तोहफा: 30 दिन का वीजा फ्री मिलेगा


6 भारत-रूस संबंध नई ऊंचाई पर


7 भारत-रूस व्यापार संतुलन पर जोर : गोयल


8 स्टार्क ने अकरम का रिकॉर्ड तोड़ा

# भारत-रूस के बीच कई समझौते

## भारत-रूस दोस्ती 'ध्रुव' तारे के समान : प्रधानमंत्री मोदी

**16** समझौतों पर दोनों देशों के बीच हुए हस्ताक्षर

**24** घंटे में पुतिन और मोदी के बीच 3 बार हुई मुलाकात

**03** साल में द्विपक्षीय व्यापार में हुई रिकॉर्ड 80% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, 5 दिसंबर. भारत दौरे पर आए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी ने करीब 24 घंटे में 3 बार मुलाकात की है. दोनों नेताओं ने साथ में प्राइवेट डिनर, द्विपक्षीय बातचीत, जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस और इंडिया-रूस बिजनेस फोरम की बैठक को संबोधित किया.**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां 23वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया. रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान दोनो देशों के बीच जिन 16 समझौतों पर परस्पर सहयोग के समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं उनमें स्वास्थ्य, प्रवासी मामले, खाद्य सुरक्षा, उर्वरक, समुद्री क्षेत्र तथा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्रमुख हैं। भारत तथा रूस के बीच अस्थायी श्रम गतिविधि बढ़ाने को लेकर प्रवासी मामलों और गतिशीलता के क्षेत्र में समझौते पर हस्ताक्षर हुआ है जिसके तहत नागरिक परस्पर अस्थायी श्रम गतिविधियों में शामिल हो सकेंगे। समझौते से अनियमित प्रवासियों के मामले से निपटने में परस्पर सहयोग किया जाएगा।

स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल, चिकित्सा शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग के लिए भी समझौता हुआ है। खाद्य सुरक्षा उपभोक्ता अधिकार संरक्षण और मानव कल्याण पर निगरानी के लिए संघीय सेवा के बीच भी समझौता हुआ है जो समुद्री सहयोग बढाएगा और ध्रुवीय जल में परिचालन करने वाले जहाजों के लिए विशेषज्ञों की देखरेख में प्रशिक्षण में मदद करेगा। इसके लिए भारत के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय तथा रूस के परिवहन मंत्रालय के बीच समझौता हुआ है। उर्वरक क्षेत्र में भी इसी तरह के समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं।

> राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस और भारत लंबे समय से भरोसेमंद व्यापारिक साझेदार हैं और दोनों देशों के बीच कारोबार लगातार तेजी से बढ़ रहा है. पिछले तीन साल में द्विपक्षीय व्यापार में रिकॉर्ड 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. पिछले साल भारत-रूस व्यापार 64 अरब डॉलर पर पहुंच गया. उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास बड़े कंज्यूमर मार्केट हैं और व्यापार तथा निवेश को और बढ़ाने के लिए बहुत व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं. पुतिन ने पीएम मोदी की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह स्वतंत्र और स्वायत्त नीति अपना रहा है और इसके अच्छे नतीजे भी मिल रहे हैं. पुतिन ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है.

सीमा शुल्क और वाणिज्य क्षेत्र के समझौते में भारत और रूस के बीच माल और वाहनों के संबंध में पूर्व-आगमन सूचना के आदान-प्रदान में सहयोग मिलेगा। शैक्षणिक सहयोग के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी रक्षा संस्थान, पुणे और उच्च शिक्षा के संघीय राज्य स्वायत्त शैक्षिक संस्थान नेशनल टॉम्स्क स्टेट यूनिवर्सिटी, टॉम्स्क के बीच वैज्ञानिक और अकादमिक सहयोग पर समझौता हुआ है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों की दोस्ती की तुलना -ध्रुव तारे से की और कहा कि यह दोस्ती मजबूत भरोसे की बुनियाद पर खड़ी है और समय की कसौटी पर खरी उतरी है.



राष्ट्रपति पुतिन भारत दौरे पर हैं!

## 100 करोड़ के लोन फ्रॉड का खुलासा

**नई दिल्ली, 5 दिसंबर. नोएडा में 100 करोड़ से ज्यादा के लोन फ्रॉड का खुलासा हुआ है. पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर बैंको को ठगने वाले गैंग का पर्दाफाश किया. एसटीएफ ने गिरोह के सरगना समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया है.**

बैंक से लोन लेने के बाद गैंग के सदस्य फरार हो जाते थे. इस मामले में कुछ बैंक कर्मियों की भी मिलीभगत सामने आई है, जिनसे पूछताछ की जा रही है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ सूरजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है. इसके साथी पुलिस अन्य बैंक खातों, फंडिंग नेटवर्क और बिल्डरों की भूमिका की जांच कर रही है. कुछ और लोगों के इस सिंडिकेट से जुड़े होने की संभावना जताई जा रही है. गैंग के अंतर्राज्यीय कनेक्शन को ध्यान में रखते हुए अब इंटर-स्टेट पुलिस टीम भी बनाई जा सकती है.

### एक नजर में



#### भारत और मलेशिया की सेनाओं का युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली.** भारत और मलेशिया की सेनाओं ने शुक्रवार से आतंकवाद के खिलाफ एक युद्धाभ्यास शुरू किया है। यहां दोनों सेनाएं काउंटर-टेररिज्म ऑपरेशन्स को अंजाम देंगी। इसके अलावा कॉर्डन एवं सर्च ऑपरेशन किए जाएंगे। भारत व मलेशियाई सैनिक सर्च एंड डेस्ट्रॉय मिशन में शामिल होंगे। हेलीकॉप्टर से दुश्मन के ठिकानों को नष्ट करने के लिए हेलिबोर्न ऑपरेशन का अभ्यास होगा। इस दौरान आतंकवादियों के ठिकानों पर तीव्र और सटीक कार्रवाई की योजनाएं बनाई जाएंगी। दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को और सुदृढ़ करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### तस्करी में एनआईए ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अवैध हथियारों और गोला बारुद की तस्करी के मामलों में तीन राज्यों में कई जगहों पर तलाशी के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी की टीमों ने बिहार के नालंदा, शेखपुरा और पटना जिलों में सात जगहों, उत्तर प्रदेश के औरैया जि ले में 13 जगहों और हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में दो जगहों पर एक साथ तलाशी ली। टीमों ने तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में अलग-अलग बोर के हथियार और गोला-बारुद, एक करोड़ रुपये से ज्यादा नकदी, कई डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जिनमें आपत्तिजनक डेटा था.

### गुस्ताखी माफ




## आरबीआई ने फिर घटायी रेपो दर

**0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 5.25 प्रतिशत करने का फैसला**

**ग्राहकों को जमा पर ब्याज में औसत कटौती 105 आधार अंकों की रही**

**मुंबई, 5 दिसंबर (वार्ता) रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बाजार की उम्मीद के मुताबिक रेपो दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है.**



आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद शुक्रवार को नीतिगत दरों की घोषणा की. उन्होंने कहा कि समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 5.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है. उन्होंने बताया कि मुद्रास्फीति निम्नतम स्तर पर बनी हुई है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऊंची बनी हुई है. इससे केंद्रीय बैंक के पास नीतिगत ब्याज दरों में कटौती का मौका है. आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विकास दर अनुमान 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है. साथ ही मुद्रास्फीति का अनुमान घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है.

रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर ब्याज दरें कम करते हैं. ब्याज दरें कम होने पर हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी. ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे. इससे रियल एस्टेट सेक्टर को बूस्ट मिलेगा. आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था.

## शाह ने महात्मा मंदिर में 'अर्थ समिट 2025-26' का किया शुभारंभ

**गांधीनगर, 5 दिसंबर (वार्ता)** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अर्थ समिट 2025-26 का शुभारंभ कर विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया. अर्थ समिट में अब तक 10 हजार से अधिक प्रतिनिधि, 1200 से अधिक कॉर्पोरेट्स, 500 से अधिक विशेषज्ञ वक्ता, 300 से अधिक स्टार्टअप्स, 250 से अधिक प्रदर्शक और 50 से अधिक निवेशक जुड़ चुके हैं, साथ ही 30 से अधिक वर्कशॉप-मास्टर क्लासेज का आयोजन किया गया है.

## मंदिर में चढ़ा हर एक रुपया भगवान की संपत्ति है : सुको

**नई दिल्ली, 5 दिसंबर. मंदिर में चढ़ा हर एक रुपया भगवान की संपत्ति है. ये कहना है देश की सर्वोच्च अदालत का. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसे किसी भी को-ओपरेटिव बैंक की आर्थिक हालत सुधारने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है.**

सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी करते हुए केरल की को-ऑपरेटिव बैंकों की याचिकाएं खारिज कर दीं. सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा. हाईकोर्ट ने को-ऑपरेटिव बैंकों को आदेश दिया था कि वे जमा राशि दो महीने के अंदर तिरुनेल्ली मंदिर देवस्वम् को वापस करें. चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मामले की सुनवाई की.

बता दें कि केरल के तिरुनेल्ली मंदिर देवस्वम ने साल 2025 की शुरुआत से स्थानीय को-ऑपरेटिव बैंकों से कई बार गुहार लगा चुका है कि उसे एफडी की रकम को वापस की जाए, लेकिन बैंकों ने हर बार पैसे वापस करने से मना किया. मंदिर ट्रस्ट ने कहा कि ये राशि मंदिर के मैनेजमेंट के लिए जरूरी है, इसलिए एफडी तोड़कर उसे पैसे वापस किए जाए. बैंक मंदिर को न तो पैसे दे रहे थे और न ही एफडी बंद कर रहे थे.

## इंडिगो मामले की होगी उच्चस्तरीय जांच

**नई दिल्ली, 5 दिसंबर (वार्ता)** इंडिगो मामले की केंद्र सरकार ने उच्चस्तरीय जांच कराने का फैसला किया है, जिसमें इसके कारणों को जानने और भविष्य में इस तरह की स्थिति को रोकने के उपाय सुझाएगी. नागरिक उड्डयन मंत्रालय की शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) से जुड़े आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है. यह फैसला पूरी तरह से यात्रियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, मरीजों तथा ऐसे अन्य लोगों को ध्यान में रखकर लिया गया है जो अनिवार्य जरूरतों के कारण हवाई यात्रा कर रहे हैं.

## भारत को विकसित बनाएगा एमपी : डॉ. यादव

- मुख्यमंत्री ने विधानसभा में संबोधन में किया दावा
- सत्ता पक्ष और विपक्ष प्रजातंत्र की धुरी

**भोपाल, 5 दिसंबर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश को भी विकसित बनाना होगा और इसके लिए सरकार के प्रयास निरंतर जारी हैं. विकसित भारत बनाना हमारे लिए एक धर्म की तरह है.**



डॉ यादव विधानसभा के पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र की समाप्ति के पहले सदन को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि विधानसभा प्रजातंत्र का मंदिर है. अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कुशलता के साथ सदन का संचालन किया है, जो अभिनंदनीय है। डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को भी धन्यवाद दिया कि उनके नेतृत्व में विपक्ष ने पूरे सत्र में सकारात्मक चर्चा की और अपने प्रश्नों एवं उद्बोधनों से लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं है. जरूरतमंद को आवास देना प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता है.

प्रधानमंत्री आवास योजना में 4000 करोड़ रुपए का प्रावधान. बहनों को आर्थिक रूप से और ज्यादा सक्षम बनाने के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 1794 करोड़ रुपए का प्रावधान है. उन्होंने कहा कि इन प्रावधानों से अपना प्रदेश विकास के पथ पर तेज गति से अग्रसर होगा।

40 Years Fuelling the Nation, Greening the Future | SECL South Eastern Coalfields Limited

एसईसीएल के सुश्रुत

निःशुल्क आवासीय NEET मेडिकल कोचिंग के लिए

आवेदन आमंत्रित

साउथ ईस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) अपनी प्रतिष्ठित CSR शिक्षा पहल ''एसईसीएल के सुश्रुत" के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। यह योजना एसईसीएल संचालन क्षेत्रों के होनहार विद्यार्थियों को पूरी तरह निःशुल्क आवासीय NEET कोचिंग उपलब्ध कराती है।

एसईसीएल के सुश्रुत पहल का हिस्सा बनें और पूरा करें अपना डॉक्टर बनने का सपना!

पंजीकरण की अंतिम तिथि - 06 दिसंबर 2025
प्रवेश परीक्षा की तिथि - 07 दिसंबर 2025

नि:शुल्क नीट मेडिकल आवासीय कोचिंग


न्यूनतम 60% अंकों के साथ 12वीं कक्षा उतीर्ण विद्यार्थी।
एसईसीएल संचालन क्षेत्रों के वे विद्यार्थी— जो प्रोजेक्ट प्रभावित क्षेत्रों (गांव एवं आसपास के गांव) में रहते हैं और एसईसीएल प्रतिष्ठान से 25 किमी के भीतर निवास करते हैं। (एसईसीएल कर्मियों के बच्चे पात्र नहीं)
या जिन्होंने 12वीं की परीक्षा ऐसे स्कूल से दी/उत्तीर्ण की हो जो एसईसीएल प्रतिष्ठान से 25 किमी की परिधि में स्थित है।

पात्र जिले:
**छत्तीसगढ़:** कोरबा, रायगढ़, कोरिया, सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर
**मध्यप्रदेश:** उमरिया, अनूपपुर, शहडोल

आज ही पंजीकरण करें

ऑनलाइन पंजीकरण व विस्तृत जानकारी के लिंक पर जाएँ या QR कोड स्कैन करें। https://forms.gle/YA7VEHbj59451q7e6

अधिक जानकारी के लिए इस वेबसाइट पर विजिट करें - https://secl-cil.in/csr-secl



अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम एसईसीएल कार्यालय के सीएसआर विभाग से संपर्क करें।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
एसईसीएल भवन, सीपत रोड, बिलासपुर - 495006 (छ.ग.)